# रंग दे चुनरिया रंगरेज़ सांवरिया | By Dr. Shobhna Kashyap

प्यारे रंगरेज़ सांवरिया रे
मोरी रंग दे चुनरिया रे
मोहे जाना है श्याम नगरिया रे
मोरी रंग दे चुनरिया रे

पहले लिखना ॐ नाम को
बैठे शिव कैलाशी
गोद में बैठे श्री गजानन
जो घट घट के वासी
संग में बैठी उमा भवानी
जो जग तारणी मैया
और लिखना कैलाश नगरिया रे
मोरी रंग दे चुनरिया रे

दूजे लिखना श्री राम को
जो हैं अवध बिहारी
संग में बैठी सीता मैया
जो हियँ जनक दुलारी
चरण निकट में हनुमान जी
जो अंजनी के छैया
और लिखना अवध नगरिया रे
मोरी रंग दे चुनरिया रे

तीजे लिखना श्री कृष्ण को
जो हैं मदन मुरारी
संग की सखियाँ झूला झुलावे
झूले राधा प्यारी
संग में लिखना कदम्ब की छैया
बैठे बंसी बजैया
और लिखना गोकुल नगरिया रे
मोरी रंग दे चुनरिया रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%9c%e0%a4%bc-%e0%a4%b8%e0%a4%be/